भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 1530
गुरुवार, 13 फरवरी, 2025/ 24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

जोधपुर हवाई अड्डे पर दिन-रात हवाई सेवा

1530. श्री उम्मेदा राम बेनीवालः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का लंबे समय से चली आ रही मांग पर विचार करते हुए जोधपुर हवाई अड्डे पर दिन-रात्रि हवाई सेवा शुरू करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; और

(ग) उक्त हवाई अड्डे पर विस्तार कार्य की धीमी गति के क्या कारण हैं और उक्त कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): जोधपुर हवाईअड्डा संयुक्त उपयोगकर्ता हवाई क्षेत्र है, जहाँ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) सिविल एन्क्लेव का प्रचालन करता है। जोधपुर हवाईअड्डा पहले से ही नाइट लैंडिंग सुविधा से सुसज्जित है। तथापि, रात्रि के समय उड़ान सेवाएँ परिचालित करने के लिए किसी भी एयरलाइन से कोई स्लॉट अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

शुरू में विस्तार कार्य में विलंब निम्नलिखित कारणों से हुआ था:

i. एनटीबी स्थल में परिवर्तन के कारण मास्टर प्लान में संशोधन हुआ

ii. कार्य के दायरे में संशोधन।

उपर्युक्त मुद्दों का समाधान कर दिया गया है। किसी हवाईअड्डा परियोजना के पूरा होने की समयसीमा विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जैसे संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ताओं द्वारा भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य क्लीयरेंस, बाधाओं को दूर करना, वित्तीय समापन आदि।

*****